# सॉफ्टप्रो इंस्टिट्यूट ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज़ (SIPS)

**माँ श्रीमती हुकमावती एजुकेशनल ट्रस्ट के अंतर्गत**

**डॉ आर एम एल अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा संबद्ध**

**SIPS की स्थापना आई आई टी कानपुर और आई ई टी लखनऊ के इंजीनियरों द्वारा की जा रही है ||**






**इं० अजय चौधरी**
चेयरमैन, एस.आई.पी.एस

## TRANSFORMING STUDENTS INTO INDUSTRY READY PROFESSIONALS

## BCA | BBA | B.COM

**UPCOMING : MCA • MBA • PHARMACY**

# सॉफ्टप्रो ग्रुप
# की सहायक कंपनियां

**2004** | **सॉफ्टप्रो इंडिया कंप्यूटर टेक्नोलॉजीज प्रा. लिमिटेड**

सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रभाग

**2008** | **सॉफ्टप्रो लर्निंग सेंटर**

ट्रेनिंग एंड इंटर्नशिप प्रभाग

**2014** | **सॉफ्टप्रो इन्नोवेशंस प्रा. लिमिटेड**

रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रभाग

**2018** | **सॉफ्टप्रो फूड्स प्रा. लिमिटेड**

कृषि उत्पादन प्रभाग

**2020** | **पॉलीप्रेप -ज्ञान आपके द्वार**

ई-लर्निंग प्रभाग



**2023** | **सॉफ्टप्रो इंस्टिट्यूट ऑफ़ प्रोफेशनल स्टडीज़ (SIPS)**

प्रोफेशनल कॉलेज





# SIPS के बारे में

सॉफ्टप्रो ग्रुप के तहत कई कंपनी स्थापित करने के बाद जो की सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, रिसर्च एंड डेवलपमेंट, ट्रेनिंग और फ़ूड प्रोसेसिंग यूनिट में कार्यरत हैं, अब सॉफ्टप्रो ग्रुप ऑफ कंपनीज गर्व से "सॉफ्टप्रो इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज" की स्थापना कर रहा है ।

ट्रेनिंग और इंटर्नशिप में 18 वर्षों का अनुभव प्राप्त करने और उसी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के बाद, 2023 में ई. अजय चौधरी द्वारा एस. आई. पी. एस अस्तित्व में आया। अजय चौधरी शिक्षा से इंजीनियर और पेशे से उद्यमी और उद्योगपति हैं ।

वर्ष 2023 में स्थापित, माँ श्रीमती हुक्मावती एजुकेशनल ट्रस्ट कंप्यूटर एप्लीकेशन ,कॉमर्स और मैनेजमेंट के स्नातक और भविष्य के स्नातकोत्तर कोर्सेज छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रोफेशनल संस्थान की स्थापना की । प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट "सॉफ्टप्रो" शीर्षक के तहत चल रहा है। संस्थान डॉ आर एम एल अवध विश्वविद्यालय,अयोध्या से संबद्ध है। यह कहना हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि सॉफ्टप्रो इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज फतेहपुर, बाराबंकी का पहला बीसीए और बीबीए कॉलेज है जिसे डॉ आर.एम.एल.अवध विश्वविद्यालय से संबद्धता प्रदान की गई है।

एस. आई. पी. एस एक ऐसा कॉलेज है जो कई क्षेत्रों में एक कॉमन शिक्षा के बजाय एक व्यावसायिक क्षेत्र (जैसे कंप्यूटर एप्लीकेशन, मैनेजमेंट अध्ययन, फार्मेसी, और नर्सिंग) पर केंद्रित है। एस.आई.पी.एस BCA, BBA और B.Com जैसे स्नातक पाठ्यक्रमों और भविष्य में MBA, MCA, नर्सिंग और फार्मेसी को लेकर आ रहा है।

यदि कोई छात्र इस तरह के कॉलेज में जाता है, तो प्रशिक्षण एक संकीर्ण क्षेत्र में बहुत विशिष्ट होगा जिससे आशा है कि वह बाद में उस व्यवसाय के लिए बहुत अच्छी तरह तैयार होगा। इसलिए यह बहुत अच्छी तरह से कहा जा सकता है कि एस.आई.पी.एस सभी वर्तमान और आगामी पाठ्यक्रम में रोजगार उन्मुख हैं। हम अपने सभी छात्रों को 100% प्लेसमेंट की गारंटी देते हैं।

## SIPS टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट की शिक्षा में बेहतर विकल्प क्यों है ?

- आई. आई. टी कानपुर और आई. ई. टी लखनऊ के इंजीनियर्स द्वारा स्थापित ।
- उन प्रोफेशनलस की टीम द्वारा SIPS समर्थित है , जिन्होंने सॉफ्टप्रो ग्रुप ऑफ कंपनीज की स्थापना की, जो उत्तर भारत की सबसे तेजी से बढ़ती आईटी कंपनी है।
- उद्योग आधारित ट्रेनिंग कार्यक्रम।
- राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय औद्योगिक सहयोग।
- अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता विकास।
- 100% प्लेसमेंट सहायता और इंटर्नशिप।
- उद्योग मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र ।
- मल्टीपल इंटेलिजेंस को बढ़ाने वाली पर्सनैलिटी डेवलपमेंट और सॉफ्ट स्किल्स ट्रेनिंग पर फोकस।
- अपने विषय के अनुभवी फैकल्टीज ।




# नास्ति मातृसमो गुरुः

**इस संसार में माँ के समान कोई गुरु नहीं है।**

## हमारी कल्पना

मैनेजमेंट और आईटी की पढ़ाई करने के लिए सबसे पसंदीदा कॉलेज  बनना और व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना।

## हमारा लक्ष्य

**मिशन 1:** व्यवसाय प्रशासन और कंप्यूटर एप्लीकेशन में उत्कृष्टता प्राप्त करने के उत्साह के साथ प्रबंधकीय और उद्यमशीलता कौशल विकसित करना।

**मिशन 2:** छात्रों को निरंतर ज्ञान अद्यतन, नेतृत्व गुणों और उद्योग और चिकित्सकों के साथ रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा देने के माध्यम से व्यवसायिक क्षमता हासिल करने के लिए प्रेरित करना।

**मिशन 3:** भविष्य के प्रबंधकों के बीच व्यक्तिगत अखंडता, नैतिक चेतना, पर्यावरण और समाज की देखभाल करना।

## हमारा उद्देश्य

फतेहपुर बाराबंकी क्षेत्र की भावी पीढ़ी के लिए स्थापित सॉफ्टप्रो इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज फतेहपुर क्षेत्र का पहला प्रबंधन महाविद्यालय है जिसका उद्देश्य बीसीए, बीबीए, फार्मेसी और कॉमर्स  जैसे रोजगार आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रदान करना है ताकि छात्रों को वर्तमान युग में रोजगार मिल सके। SIPS में सभी पाठ्यक्रम IT आधारित हैं क्योंकि पूरी दुनिया कंप्यूटर क्षेत्र की ओर जा रही है। SIPS का उद्देश्य सही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके फतेहपुर क्षेत्र के छात्रों के रोजगार कौशल को बढ़ाना है जिससे वे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पे अपनी प्रतिभा दिखा सके ।

# हमारी प्रेरणा



## पद्मश्री
## डॉ महेंद्र भंडारी

सीईओ, वट्टीकुट्टी फाउंडेशन, अमेरिका
भूतपूर्व निदेशक- एस.जी.पी.जी.आई, लखनऊ
भूतपूर्व कुलपति- के.जी.एम.यू, लखनऊ

डॉ महेंद्र भंडारी एक प्रसिद्ध भारतीय सर्जन हैं जिन्होंने यूरोलॉजी, चिकित्सा प्रशिक्षण, अस्पताल प्रशासन, रोबोटिक सर्जरी और चिकित्सा नैतिकता की विशेषता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके प्रयासों के लिए, उन्हें सन् 2000 में भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। उन्होंने लखनऊ, भारत में संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (SGPGIMS) के निदेशक के रूप में कार्य किया है। वह किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति थे। अप्रैल सन् 2008 में, डॉ भंडारी ने हार्वर्ड विश्वविद्यालय में कला और विज्ञान संकाय में स्नातक जैव-सांख्यिकी पाठ्यक्रम पूरा किया। डॉ. भंडारी ने 30 अप्रैल सन् 2010 मिशिगन विश्वविद्यालय में रॉस स्कूल ऑफ बिजनेस में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मास्टर्स प्राप्त किया। डॉ. भंडारी वर्तमान में डेट्रायट, मिशिगन, अमेरिका  में वट्टीकुटी यूरोलॉजी इंस्टीट्यूट (VUI) में रोबोटिक सर्जरी रिसर्च एंड एजुकेशन के वरिष्ठ जैव-वैज्ञानिक और निदेशक हैं। वह सन् 2010 से वट्टीकुटी फाउंडेशन के सीईओ भी हैं। वे भारत में यूरोलॉजी विज्ञान में रोबोटिक सर्जरी के विकास को भी सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहे हैं। हमारे संस्थापक इं० अजय चौधरी के संरक्षक होने के नाते, हम पद्म श्री डॉ महेंद्र भंडारी को सॉफ्टप्रो इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के सलाहकार सदस्य के रूप में पाकर सम्मानित हैं, SIPS को डॉ महेंद्र भंडारी के विशेषज्ञ और समृद्ध मार्गदर्शन के तहत चलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है |

# सलाहकार परिषद
**(मानद आधार पर)**



**श्री अतुल श्रीवास्तव**
डायरेक्टर - एच आर
आर्क विंग प्राइवेट लिमिटेड यूपी, इंडिया



**प्रो. डी एस यादव**
भूतपूर्व, प्रो वाइस चांसलर
एकेटीयू, लखनऊ




**प्रो. मनीष गौर**
प्रो वाइस चांसलर
एकेटीयू, लखनऊ



**प्रो. नीलम श्रीवास्तव**
भूतपूर्व निदेशक
आर ई सी कन्नौज, उ.प्र



**इं० शशि कटियार**
उपाध्यक्ष
इंटेल कॉर्पोरेशन (अमेरिका)



**इं० पुनीत वर्मा**
अध्यक्ष
ईआर डीआर समूह

# संस्थापक सदस्य



## श्री अनिल वर्मा

**ब्लॉक प्रमुख - फतेहपुर, बाराबंकी**

फरवरी सन् 1969 को जन्मे श्री अनिल वर्मा वर्तमान में बाराबंकी के फतेहपुर प्रखंड के ब्लॉक प्रमुख के पद पर कार्यरत हैं | वर्तमान में ब्लॉक प्रमुख, फतेहपुर के रूप में यह उनका लगातार दूसरा कार्यकाल है। वह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या से कला पृष्ठभूमि में स्नातक हैं। स्नातक की पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अपने गृहनगर में कृषि और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में काम किया। उन्हें हमेशा अपने क्षेत्र के लोगों के लिए काम करने का उत्साह था और इसलिए उन्होंने सन् 2016 में राजनीति में प्रवेश करने का फैसला किया क्योंकि उन्हें एहसास हुआ कि सत्ता और स्थिति प्राप्त करने के बाद ही समाज के कमजोर वर्ग का उत्थान किया जा सकता है। सन् 2017 से वह समाज और अपने क्षेत्र की बेहतरी और उत्थान के लिए काम कर रहे हैं। अब एक सामाजिक कार्यकर्ता और राजनीतिज्ञ के रूप में 20 वर्षों तक काम करने के बाद उन्होंने अपने भाई इं० अजय चौधरी के साथ फतेहपुर, बाराबंकी क्षेत्र की भावी पीढ़ी के लिए सॉफ्टप्रो इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज का निर्माण आरम्भ किया । फतेहपुर क्षेत्र का पहला मैनेजमेंट कॉलेज होने के नाते SIPS BCA, BBA, MCA, MBA, फार्मेसी और नर्सिंग जैसे रोजगार आधारित व्यावसायिक पाठ्यक्रम प्रदान करेगा ताकि छात्रों को आईटी क्रांति के वर्तमान युग में रोजगार मिल सके। SIPS में सभी पाठ्यक्रम IT आधारित हैं क्योंकि पूरी दुनिया कंप्यूटर क्षेत्र की ओर जा रही है। SIPS निश्चित रूप से सही क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करके फतेहपुर क्षेत्र के छात्रों के रोजगार कौशल को बढ़ाएगा।

# चेयरमैन, एस.आई.पी.एस



## इं० अजय चौधरी

**चेयरमैन, एस.आई.पी.एस**

### उद्योगपति, शिक्षाविद्, समाजसेवी

**एम डी - चेयरमैन**

- सॉफ्टप्रो ग्रुप ऑफ कंपनीज
  लखनऊ

**संस्थापक**

- परिवर्तन 'एक सलाह'
  सॉफ्टप्रो ग्रुप ऑफ कंपनीज के सी.एस.आर के तहत एक एन.जी.ओ

**सदस्य**

- बी.ओ.जी - आई.ई.टी लखनऊ
- अकादमिक परिषद, आई.ई.टी लखनऊ
- बोर्ड ऑफ़ टेक्निकल एजुकेशन , लखनऊ

**पूर्व सदस्य - कार्यकारी परिषद**

- डॉ ए.पी.जे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय, लखनऊ
  ( तत्कालीन गवर्नर द्वारा नामित )

इं० अजय चौधरी एक ऐसा व्यक्तित्व हैं जिन्होंने कम उम्र में ही सफलताएं अर्जित की| वह हम लोगों की तरह ही एक छोटे से गांव झांसा पुरवा, मदनपुर, बाराबंकी के रहने वाले हैं| कुछ बड़ा करने की ललक इनके अंदर बचपन से ही थी| जिसके तहत उन्होंने बहुत कम उम्र में अपना घर अपना गांव छोड़कर लखनऊ आने का फैसला किया|

लखनऊ में कड़ी मेहनत और संघर्ष करने के बाद, अपनी मेहनत और लगन के साथ उनका चयन भारत के सर्वोत्तम कॉलेज आई.आई.टी. रुड़की में हुआ इसके साथ-साथ उनका चयन उत्तर प्रदेश के सर्वोत्तम कॉलेज आई.ई.टी लखनऊ में भी हो गया| लेकिन जागरूकता ना होने के कारण उन्होंने आई.आई.टी में दाखिला ना लेकर आई.ई.टी लखनऊ में लिया और अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की| पढ़ाई खत्म होते ही उनको देश के एक बड़े मेडिकल संस्थान एस.जी.पी.जी.आई. लखनऊ से नौकरी का प्रस्ताव आया | एस.जी.पी.जी.आई. में नौकरी करते समय उनकी मुलाकात वहां के डायरेक्टर पद्मश्री डॉ० महेंद्र भंडारी से हुई जिनसे उनकी नजदीकियां और बढ़ी |

कुछ समय बाद बड़ा करने की ख्वाहिश उन्हें लखनऊ से हैदराबाद ले गई जहां वे देश के सर्वोत्तम अस्पताल अपोलो ग्रुप के साथ जुड़े| एक इंजीनियर होने के नाते अपोलो का पूरा टेक्निकल काम उन्होंने संभाला जिससे उनकी नजदीकियां डॉ० पी. सी. रेड्डी से बढ़ी | डॉ० पी. सी. रेड्डी के साथ मिलकर उन्होंने देश की पहली ऑनलाइन मेडिकल यूनिवर्सिटी 'मेडवर्सिटी' की स्थापना की|

उनकी सफलताओं की यात्रा यहीं तक नहीं थी| सन 2000 में वे सदस्य बने भारत के एक नवीन प्रोजेक्ट जिससे हमारे देश में मेडिकल साइंस के क्षेत्र में बड़ा बदलाव आया इस प्रोजेक्ट का नाम था " टेलीमेडिसिन" जिसका उद्घाटन अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बिल क्लिंटन ने किया|

उनके आगे बढ़ने की इच्छा शक्ति ने उन्हें हैदराबाद में भी रुकने नहीं दिया और वह मलेशिया चले गए|

मलेशिया में उन्हें बड़ी कंपनी "पेट्रोनस" ने अपने साथ जोड़ने का प्रस्ताव दिया जिसको उन्होंने स्वीकारा और कड़ी मेहनत करके देश के बाहर भी अपना नाम कमाया| जहां पर वे अलग-अलग देशों के दौरे पर गए जैसे तंजानिया, कीनिया, साउथ अफ्रीका, सिंगापुर, श्रीलंका आदि|

इसके बाद सन् 2004 मैं वह भारत लौट आए| भारत लौटकर वे अपने निजी क्षेत्र के बहुत पास लखनऊ में बस गए जहां से कई साल पहले उन्होंने अपने जीवन की शुरुआत की थी|

लखनऊ आकर उन्हें लगा कि अब वक्त है अपने देश के युवाओं के लिए कुछ करने का| इसके तहत उन्होंने अपनी कंपनी " सॉफ्टप्रो इंडिया" की स्थापना की|

सॉफ्टप्रो ग्रुप जिसकी स्थापना को आज पूरे 18 साल हो गए| इस कंपनी के मार्गदर्शन में देश-विदेश के 200,000 से ज्यादा युवा इंजीनियर ट्रेनिंग करके अच्छी नौकरी पा चुके हैं| सॉफ्टप्रो ने भारत की व्यवसायिक कंपनियों को सॉफ्टवेयर प्रदान किए एवं इं० अजय चौधरी ने अपने कंपनी में हजारों लोगों को नौकरी प्रदान की|

उनके इस परिश्रम को देखते हुए उन्हें महामहिम राज्यपाल द्वारा एशिया की सबसे बड़ी टेक्निकल यूनिवर्सिटी "ए.के.टी.यू. लखनऊ" उसका " एग्जीक्यूटिव काउंसिल" का मेंबर भी बनाया गया|

इं० अजय चौधरी ने महसूस किया कि समय की आवश्यकता है कि वे अपने गृहस्थान पर एक पहल करें जहां से उन्होंने अपनी जीवन यात्रा शुरू की और अपने क्षेत्र के लोगों और युवाओं को वो सब प्रदान करें जो उन्होंने अपने 25 साल के कंप्यूटर क्षेत्र के कार्य अनुभव में हासिल किया है। उन्हें लगा की उनके ज्ञान और अनुभव को फैलाने का विचार एक संस्थान खोलकर संभव हो सकता है जहां युवा और भावी पीढ़ी को रोज़गार परख कोर्सेज में शिक्षित किया जा सके और प्रोफेशनल पहलुओं पर पढ़ाया जा सके और इसलिए SIPS की स्थापना हुई।

# उपाध्यक्ष
# एस.आई.पी.एस

यशी अस्थाना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी- सॉफ्टप्रो ग्रुप ऑफ कंपनीज, सॉफ्टप्रो ग्रुप के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं। उन्होंने कंप्यूटर विज्ञान के क्षेत्र में जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर से उच्च शिक्षा प्राप्त की है। 14 साल के अपने कार्यकाल में, उन्होंने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति की कंपनियों के लिए काम किया। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत IT जायंट "विप्रो टेक्नोलॉजीज, मैसूर" के साथ की और उसके बाद लखनऊ आ गईं और सॉफ्टप्रो ग्रुप के साथ जुड़ गईं। उनके द्वारा लागू किए गए नवीन विचारों, उनके पास जो रचनात्मकता है, उनके व्यक्तित्व में नेतृत्व कौशल और किसी भी कार्य को पूरा करने या कुछ नया शुरू करने की दृढ़ इच्छा शक्ति हमेशा उनके लिए एक सहायक प्रणाली रही है, जिसके परिणामस्वरूप उनके करियर में जबरदस्त वृद्धि हुई है। इसी सोच के साथ और काम के भरोसे उन्होंने "एक एच आर से एक सी ई ओ तक की यात्रा" का सफर पूरा किया । उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर "नेशनल प्रोजेक्ट्स इम्प्लिमेंटेशन यूनिट, (एमएचआरडी की एक इकाई, भारत सरकार की एक इकाई) में सॉफ्टप्रो ग्रुप का प्रतिनिधित्व किया है, जो पैन इंडिया स्तर पर TIER 01 और TIER 02 इंजीनियरिंग संस्थानों में रोजगार कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। वे "अफ्रीकी देश, मलावी" गईं जहाँ उन्होंने एक पहल की और मलावी के छात्रों के लिए आईटी शिक्षा और कंप्यूटर साक्षरता प्रदान करने के लिए सॉफ्टप्रो कंपनी की एक यूनिट मलावी में स्थापित की क्योकि मलावी के लोग अब भी आई.टी उद्योग के मामले में बहुत पिछड़े हुए हैं। वह सॉफ्टप्रो ग्रुप के कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत चलने वाले एन.जी.ओ 'परिवर्तन, एक सलाह' की सह-संस्थापक भी हैं। एन.जी.ओ छात्रों को उनके करियर पथ को आकार देकर बेहतर भविष्य के लिए जागरूकता फैलाने और परामर्श देने का काम करता है।



## यशी अस्थाना

**संस्थापक सदस्य**
**एस.आई.पी.एस, बाराबंकी**

## प्रोफ़ाइल

**मुख्य कार्यकारी अधिकारी**
**सॉफ्टप्रो ग्रुप ऑफ कंपनीज**

**सह संस्थापक**
**परिवर्तन 'एक सलाह'**
(सॉफ्टप्रो ग्रुप के सी.एस.आर के तहत संचालित एक एन.जी.ओ)

★★★★★

# विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर



## कक्षा

आधुनिक मल्टीमीडिया सुविधाओं के साथ पूरी तरह हवादार शैक्षणिक ब्लॉक जहाँ छात्र आत्म मंथन कर अपनी पढ़ाई पे पूरा फोकस कर सके एवं इंटरैक्टिव और नवीन विचार प्रक्रियाओं के लिए उपयुक्त माहौल बनाया जा सके । कक्षाएं प्रैक्टिकल लर्निंग के लिए ऑडियो विज़ुअल सुविधाओं से सुसज्जित हैं।

## पुस्तकालय

एक समय में 100 से अधिक छात्रों को समायोजित करने वाला एक समृद्ध पुस्तकालय और प्रलेखन केंद्र की सुविधा SIPS में है जो की उत्कृष्ट पुस्तकों, सूचना सेवाओं, संसाधनों से लैस है। यहाँ छात्रों के पढ़ने की उच्तम व्यवस्था की गयी है जहाँ वे अपने कोर्स के हर विषय की किताबों से अध्ययन कर सके ।





## कंप्यूटर लैब

SIPS, बाराबंकी के IT इंफ्रास्ट्रक्चर में पूरी तरह से वातानुकूलित कंप्यूटर लैब शामिल है जहाँ के सभी कंप्यूटर और इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट एडवांसमेंट की नवीनतम पीढ़ी से लैस है। कंप्यूटर सेंटर में स्टैंडअलोन और लैन पर काम करने के लिए 100 स्मार्ट कंप्यूटर छात्रों के लिए उपलब्ध हैं।

# विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर

## सभागार

संस्थान में 500 लोगों के बैठने की क्षमता वाला एक बड़ा ऑडिटोरियम है। इसका उपयोग बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय आयोजनों के लिए किया जायेगा जैसे की अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार और संगोष्ठी। इसमें सभी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और ऑडियो विज़ुअल सुविधाएँ शामिल हैं | हाई-प्रोफाइल शैक्षणिक, व्यावसायिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के लिए यह ऑडिटोरियम एक बेहतर विकल्प होगा ।





## कैंटीन

संस्थान में एक अलग कैफेटेरिया और मैस की सुविधा भी उपलब्ध है , जो गुणवत्ता वाले स्नैक्स और स्वादिष्ट खाना प्रदान करती है। कैफेटेरिया में एक बार में करीब 100 लोगों के बैठने की क्षमता है। छात्रों और स्टाफ सदस्यों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सेल्फ वेंडिंग मशीनें भी लगाई गई हैं।

## हराभरा - कैंपस

SIPS, बाराबंकी में 20,000 वर्ग फुट से अधिक निर्मित क्षेत्र के साथ 05 एकड़ क्षेत्र में फैला एक बड़ा हरा-भरा परिसर है। यह महमूदाबाद फतेहपुर लिंक रोड पर स्थित है। SIPS के परिसर को "प्रकृति के साथ डिजाइन" की अवधारणा के साथ डिजाइन किया गया है जो आधुनिक शहर नियोजन विधियों के साथ स्थानीय परंपरा और मूल्यों का मिश्रण है।



# कोर्स ऑफर



## Programmes Affiliated to Dr. R M L Avadh University, Ayodhya

| COURSE | DURATION | ELIGIBILITY |
|---|---|---|
| BBA | 3 YEARS | Intermediate/Higher Secondary (i.e.10+2) with 40% marks |
| BCA | 3 YEARS | Intermediate / Higher Secondary (i.e. 10+2) Mathematics as one of the subjects with 45% marks. |
| B.COM | 3 YEARS | Intermediate/Higher Secondary (i.e.10+2) with 40% marks |

# Up Coming Courses

## To be Affiliated to Dr. A.P.J. Abdul Kalam Technical University

| COURSE | DURATION | ELIGIBILITY |
|---|---|---|
| MBA | 2 YEARS | Minimum 3 year Bachelors degree or equivalent from a recognized University with at least 50% marks |
| MCA | 3 YEARS | Bachelors degree course of 03 Years minimum duration from any recognized Indian University; or its equivalent, recognized by A.I.U. securing minimum 50% (45% for SC/ST) marks in aggregate. Candidate must have passed Mathematics at 10+2 level or Graduation level. |
| B.PHARM | 4 YEARS | 10+2 examination by the Association of Indian Universities (AIU) with English as one of the subjects and Physics, Chemistry, Mathematics (P.C.M) and or Biology (P.C.B / P.C.M.B.) |

## To be Affiliated to Board of Technical Education

| COURSE | DURATION | ELIGIBILITY |
|---|---|---|
| D.PHARM | 2 YEARS | Intermediate (10+2) exam passed with Physics and Chemistry and with compulsory Maths/Biology (Botany and Biology) |

# हम तक कैसे पहुंचें...




Softpro Institute of Professional Studies
॥ नास्ति मातृसमो गुरुः ॥
Estd. 2023

www.sipsbarabanki.in

sipsbarabanki@gmail.com

+91 80044 65694 एडमिशन संबंधित जानकारी के लिए संपर्क करे

+91 98385 05980 मैनेजमेंट संबंधित जानकारी के लिए संपर्क करें

## झांसा पुरवा, मदनपुर, फतेहपुर, बाराबंकी - 225305

sipsbarabanki sipsbarabanki sipsbarabanki